हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

11 सांदल कलां में आदित्य की रस्म तेरहवीं के बाद हुई पंचायत



12 प्रशासन की 19 टीमें, 500 से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठान जांचे



## मौसमः अधिकतम तापमान में आई 5.8 डिग्री की कमी

▶▶ कोहरे के कारण अधिकतम तापमान में आई कमी, आने वाले दिनों में परेशान कर सकता है कोहरा

### न्यूनतम तापमान 3 डिग्री बढ़ा, कोहरे की चपेट में लिपटा रहा सोनीपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत जिले में प्रकृति के बदलते मिजाज ने अब ठिठुरन के साथ-साथ मुसीबतें भी बढ़ानी शुरू कर दी हैं। बृहस्पतिवार की सुबह जिले के निवासियों के लिए एक सफेद अंधेरे जैसी रही, जहां घने कोहरे की चादर ने पूरी रफ्तार को थाम दिया। सुबह के समय दृश्यता का स्तर गिरकर महज पांच मीटर तक रह गया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और जनजीवन गहरे कोहरे की कैद में नजर आया। वहीं दूसरी ओर बुधवार के मुकाबले जिले के अधिकतम तापमान में 5.8 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान 3 डिग्री बढ़ गया है। तापमान में आ रहा भारी उतार चढ़ाव सीधे तौर पर मौसम में उतार चढ़ाव को दिखा रहा है।

कोहरे का सबसे भीषण प्रहार परिवहन सेवाओं पर पड़ा है। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के लिए सुबह का समय बेहद कष्टकारी रहा। पटरियों पर छाई धुंध के कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से आठ घंटे की देरी से रेंगती रहीं। वहीं दैनिक यात्रियों की जीवन रेखा मानी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों के पहिए भी एक से दो घंटे तक थमे रहे। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को कड़ाके की ठंड के बीच घंटों इंतजार करना पड़ा।

सड़कों का हाल भी रेलमार्ग से अलग नहीं था। राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर गांव को जोड़ने वाली संपर्क सड़कों तक, हर जगह वाहनों की लंबी कतारें रेंगती हुई दिखाई दीं। सुबह दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए यह मौसम किसी चुनौती से कम नहीं रहा। दोपहिया वाहन चालकों को ओस की गिरती बूंदों और ठंडी हवाओं ने बुरी तरह बेहाल किया। दृश्यता शून्य के करीब होने के कारण वाहन चालक दिन के उजाले में भी हेडलाइट और फॉग लाइट के सहारे रास्ता खोजने को मजबूर दिखे। हालांकि इस विकट स्थिति के बावजूद जिले में किसी बड़े हादसे की खबर नहीं आई, लेकिन कई जगहों पर धीमे यातायात की वजह से जाम की स्थिति बनी रही।





सोनीपत। रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी का इंतजार करते यात्री व सुबह 11 बजे के करीब छाया कोहरा।

### आने वाले दिनों में बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, तापमान में गिरावट का दौर अब और तेज होने वाला है। बृहस्पतिवार को जिले का अधिकतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि बुधवार के मुकाबले 5.8 डिग्री कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जोकि बुधवार के मुकाबले 3.1 डिग्री बढ़ गया है। मौसम विशेषज्ञों का पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाएं न्यूनतम तापमान में और अधिक गिरावट लाएंगी, जिससे ठिठुरन बढ़ेगी और कोहरा और भी गहरा सकता है।

### किसानों के लिए फायदेमंद है कोहरा

किसानों के लिए जहां यह कोहरा और गिरता तापमान फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है, वहीं आम नागरिकों के लिए यह स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय बना हुआ है।

### कोहरे के कारण प्रभावित हो रही ट्रेन

कोहरे व पंजाब के अमृतसर, फिरोजपुर मंडल व गाजियाबाद में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर अप-डाउन लाइन की एक्सप्रेस ट्रेनें वीरवार को 8:34 घंटे तक की देरी से सोनीपत पहुंची। यात्री सुरेंद्र गुप्ता, संदीप, कपिल, प्रमोद ने बताया कि कोहरे के चलते एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने लगा है। दिल्ली-अंबाला रूट पर एक्सप्रेस ट्रेनों को पासिंग देने के चक्कर में सवारी गाड़ियों को बीच के रेलवे स्टेशनों पर खड़ा कर दिया जाता है। अधिकारियों को यात्रियों की समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

### ये ट्रेन रहीं प्रभावित

दिल्ली से अंबाला रूट पर चलने वाली मालवा एक्सप्रेस 8:34 घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस 7:14 घंटे, ऊंचाहार एक्सप्रेस 4:38 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस 3:49 घंटे, बठिंडा एक्सप्रेस 2:44 घंटे, गीता जयंती एक्सप्रेस 2:31 घंटे, जम्मूतवी एक्सप्रेस 2:57 घंटे, पश्चिम एक्सप्रेस 1:45 घंटे, दादर एक्सप्रेस 1:39 घंटे, झेलम एक्सप्रेस 1:52 घंटे, 64531 सवारी गाड़ी 2:08 घंटे, 64465 सवारी गाड़ी 1:16 घंटे, 64471 सवारी गाड़ी 1:18 घंटे, 64533 सवारी गाड़ी 1:14 घंटे, 64453 सवारी गाड़ी 1:46 घंटे की देरी से सोनीपत स्टेशन पर पहुंची। वहीं अंबाला-दिल्ली रूट पर चलने वाली झेलम एक्सप्रेस 3:38 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस 3:47 घंटे, टाटानगर एक्सप्रेस 3:39 घंटे, दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 3:42 घंटे, जम्मू मेल 2:21 घंटे, बठिंडा एक्सप्रेस 2:07 घंटे, नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस 1 घंटा, गीता जयंती एक्सप्रेस 1:35 घंटे, दादर एक्सप्रेस 1:27 घंटे, शान-ए-पंजाब 1:40 घंटे, हिमाचल एक्सप्रेस 1:21 घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस 1:08 घंटे, 64454 सवारी गाड़ी 2:39 घंटे, 64462 सवारी गाड़ी 2:21 घंटे, 64472 सवारी गाड़ी 1:53 घंटे, 64470 सवारी गाड़ी 2:07 घंटे, 64002 सवारी गाड़ी 2:13 घंटे, 64464 सवारी गाड़ी 1:02 घंटे, 64452 सवारी गाड़ी 1:47 घंटे की देरी से सोनीपत स्टेशन पर पहुंची।

### कई ट्रेनें प्रभावित

पंजाब के अमृतसर, फिरोजपुर मंडल के अलावा गाजियाबाद यार्ड में इंटरलॉकिंग संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा कोहरे के चलते कई एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। ट्रेनों के परिचालन की समय सारणी में सुधार किया जा रहा है।

**-हिमांशु शेखर उपाध्याय**
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

### 21 तक छाएगा कोहरा

मौसम में आए परिवर्तन से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। 21 दिसंबर तक कोहरा छाने की संभावना बना हुआ है। इसके साथ ही ठंड में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**-डा. प्रेमदीप**
मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर

## मनोचिकित्सक ने किया पूनम का विस्तृत मानसिक मूल्यांकन मां और पति से भी पूछताछ

- साइको किलर पूनम को जांच पूरी होने के बाद भेजा गया पानीपत जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/गोहाना

पानीपत और सोनीपत जिलों को झकझोर देने वाले बहुचर्चित महिला साइको किलर मामले में वीरवार को जांच प्रक्रिया जारी रही। पुलिस और विशेषज्ञों की टीम ने आरोपित पूनम के मन की गहराइयों को टटोलने के लिए उसका विस्तृत मानसिक मूल्यांकन किया। इस मनोवैज्ञानिक जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना था कि निर्दोष बच्चों की बेरहमी से हत्या करने वाली इस महिला की मानसिक स्थिति सामान्य है या वह किसी गंभीर मनोरोग से ग्रस्त है।

पानीपत जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच लाई गई आरोपित पूनम से मनोचिकित्सक ने करीब आधे घंटे तक सघन पूछताछ की। जांच का दायरा केवल आरोपित तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि मामले की तह तक जाने के लिए उसकी मां सुनीता और पति नवीन को भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया। विशेषज्ञों ने दोनों से लगभग बीस-बीस मिनट तक अलग-अलग कमरे में पूछताछ की, ताकि पारिवारिक पृष्ठभूमि और व्यवहारगत बदलावों के बीच के अंतर्संबंधों को समझा जा सके। वीरवार को मानसिक मूल्यांकन की लंबी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपित पूनम को वापस पानीपत जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि मनोचिकित्सक की यह विस्तृत रिपोर्ट इस केस की कानूनी दिशा तय करने में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी। इस रिपोर्ट को केस डायरी का हिस्सा बनाया जाएगा, जिससे न्यायालय में आरोपित के खिलाफ ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकें।

### निजी सवाल भी पूछे, पुराने बयानों पर रही कायम

जांच के दौरान मनोचिकित्सक ने आरोपित से बेहद निजी और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सवाल किए। सूत्रों के अनुसार, पूनम से पूछा गया कि क्या उसे रात में नींद आने में कठिनाई होती है, क्या उसे कोई अनजानी आवाजें सुनाई देती हैं या फिर उसे किसी अदृश्य शक्ति का डर सताता है। विशेषज्ञों ने यह भी जानने का प्रयास किया कि क्या वह अकेलेपन या गहरे अवसाद का शिकार रही है। चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपित ने बिना किसी हिचकिचाहट के सभी सवालों के स्पष्ट जवाब दिए और अपने पुराने बयानों पर ही कायम रही।

### 1 दिसंबर को हुआ था खुलासा

इस सनसनीखेज मामले का खुलासा तब हुआ था जब 1 दिसंबर को पानीपत के गांव नौल्था में एक शादी समारोह के दौरान पाल सिंह की पोती विधि की टब में डुबोकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की सख्ती के आगे टूटते हुए आरोपित पूनम ने एक के बाद एक चार हत्याओं का जुर्म कबूल कर सनसनी फैला दी थी। उसने स्वीकार किया कि अगस्त 2025 में उसने अपने मायके गांव सिवाह में अपनी भतीजी जिया की जान ली थी।

### पूनम से की पूछताछ

पुलिस के बाद अब पूनम से मनोचिकित्सक ने भी पूछताछ की है। साक्ष्य जुटाए गए है। मनोचिकित्सकीय रिपोर्ट और पूछताछ के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपित को पानीपत जेल भेजा।

**-इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह, थाना प्रभारी बरोदा**

## खबर संक्षेप

### गोवंश के साथ आपत्तिजनक हरकत, युवक पुलिस के हवाले

**सोनीपत।** गांव कुमासपुर बुधवार रात एक युवक पर गोवंश के साथ आपत्तिजनक हरकत करने का आरोप लगा। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और हंगामा करने के बाद युवक को पुलिस के हवाले किया गया। पशुपालक रणजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह दूध की डेयरी चलाते हैं और कई गाय पाल रखी हैं। बुधवार रात को जब वह अपने प्लॉट में पहुंचे तो देखा कि एक युवक अर्धनग्न अवस्था में था। आरोप है कि युवक गोवंश के साथ अनुचित हरकत कर रहा था। रणजीत सिंह के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आरोपित ने वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी। बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### बाल विवाह के प्रति लोगों को किया जागरुक

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत एवं नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के तहत गांव राजपुर व असावरपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम एंटी-ड्रग जागरूकता एवं रोकथाम अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ। गांव असावरपुर में पैनल अधिवक्ता रेखा कौशल तथा गांव राजपुर में पैनल अधिवक्ता अजय अत्रि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों, नशा-निवारण के उपायों तथा परिवार व समाज पर इसके गंभीर प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बाल विवाह को सामाजिक कुरीति और कानूनी अपराध बताते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी दी।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अवैध हथियार बरामद

- क्राइम यूनिट सेक्टर-3 ने पिस्तौल सहित एक आरोपित को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को देशी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह के दिशा-निर्देशानुसार क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत की टीम द्वारा की गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुशील उर्फ सिल्ला निवासी मनौली जिला सोनीपत के रूप में हुई है। 17 दिसंबर 2025 को क्राइम यूनिट सेक्टर-3 में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र अपनी टीम के साथ



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस कर्मी।

बीसवां मील चौक के पास गश्त पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें खुफिया सूचना मिली कि सुशील उर्फ सिल्ला अवैध पिस्तौल लेकर गांव मनौली के केएमपी फ्लाईओवर के पास किसी का इंतजार कर रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। वहां एक युवक खड़ा मिला, जिसे शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर उसकी पैंट से एक देशी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुई।

इस पर थाना कुंडली में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि अवैध हथियारों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए टोल प्लाजा अस्थायी रूप से बंद करने की मांग

**सोनीपत।** बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर नगर सुधार मंच ने जिला प्रशासन से शहर के चारों ओर स्थित सभी टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने की मांग की है। मंच के चेयरमेन संजय सिंगला ने कहा कि जब तक वायु प्रदूषण का स्तर सामान्य नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली पर रोक लगाई जानी चाहिए। संजय सिंगला ने बताया कि टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। जाम के दौरान वाहन लंबे समय तक खड़े रहते हैं, जिससे धुएं का उत्सर्जन अधिक होता है और प्रदूषण का स्तर और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पहले से ही वायु गुणवत्ता खतरनाक स्थिति में है, ऐसे में टोल पर लगने वाले जाम आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं।

## कारोबार और कर संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए, पावेल गर्ग काबू

- पुराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित कॉम्बिटिक ग्लोबल कैपलेट प्राइवेट लिमिटेड में केंद्रीय जीएसटी आयुक्त कार्यालय की टीम ने की जांच
- जीएसटी अनियमितताओं का हुआ खुलासा, 21.30 करोड़ रुपये का जीएसटी सरकारी खजाने में नहीं कराया जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पुराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित कॉम्बिटिक ग्लोबल कैपलेट प्राइवेट लिमिटेड में केंद्रीय जीएसटी आयुक्त कार्यालय, रोहतक की टीम ने जांच कर जीएसटी अनियमितताओं का खुलासा किया है। टीम ने जांच के दौरान कंपनी परिसर से कारोबार और कर संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। इस प्रकरण में कंपनी के प्रमोटर पावेल गर्ग को गिरफ्तार किया गया है।

जीएसटी अधिकारियों के अनुसार जब्त दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच में करीब 118.49 करोड़ रुपये मूल्य के औषधीय उत्पादों की अवैध बिक्री के प्रमाण सामने आए हैं। इन लेन-देन में करीब 21.30 करोड़ रुपये का जीएसटी शामिल बताया जा रहा है, जिसे सरकारी खजाने में जमा नहीं कराया गया। जांच एजेंसी का दावा है कि कंपनी प्रमोटर पावेल गर्ग ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 132 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। आरोप है कि इस अवैध गतिविधि के संचालन में प्रमोटर की भूमिका संदिग्ध रही, जिसके चलते उन्हें पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। उसके बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

### अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा, जांच जारी

गिरफ्तारी के बाद पावेल गर्ग को सोनीपत में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए। सीजीएसटी अधिकारियों ने बताया कि मामला गंभीर प्रकृति का है और दस्तावेजों के गहन विश्लेषण के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जीएसटी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और भी अहम खुलासे हो सकते हैं।

### कई जगहों पर सामने आए मामले, कहीं ई चालान की फाइल तो कहीं शेयर ट्रेडिंग का झांसा

## साइबर ठगीः चार अलग-अलग मामले, 16 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में साइबर अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहे। आए दिन कोई ना कोई साइबर अपराध का मामला सामने आ रहा है। अब चार लोगों से ठगी के मामले सामने आए हैं। कहीं भांजा बनकर वीजा के नाम पर, कहीं बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड के बहाने तो कहीं फर्जी ई-चालान की एपीके फाइल भेजकर और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने पीड़ितों से लाखों रुपये हड़प लिए। चार अलग-अलग मामलों में 16.03 लाख रुपये की ठगी सामने आई है। पीड़ितों की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

पहला मामला मोबाइल पर फर्जी ई-चालान की एपीके फाइल भेजकर 5.40 लाख निकालने का हैं। मूलरूप से पानीपत के गांव मांडी हाल गन्नौर निवासी जगदीश ने साइबर थाना में बताया कि 4 दिसंबर को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक नंबर से फर्जी ई-चालान की एपीके फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड करते ही उनके बैंक खाते से उसी दिन 5 लाख रुपये और फिर 12 दिसंबर को 40 हजार रुपये कट गए। बाद में पता चला कि साइबर ठगों ने फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों के जरिए यह धोखाधड़ी की।



### फोन पर बना भांजा, वीजा के लिये मांगें 4.20 लाख

*गांव अटेरना निवासी नीरज कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है 17 नवंबर को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनका भांजा आशू बताया और कहा कि वह अपने दोस्त का वीजा लगवा रहा है। उसने एक अन्य मोबाइल नंबर देकर उस पर रुपये ट्रांसफर करने को कहा और 1-2 दिन में पैसे लौटाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने विश्वास कर 17 और 18 नवंबर को सात ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 4.20 लाख रुपये भेज दिए। बाद में जब पैसे वापस नहीं आए और जांच की। तब पता चला कि ठगों ने फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों के आधार पर खाते खुलवाए थे। उनके भांजे की आवाज में बात कर ठगी की थी।*

### बैंक का प्रतिनिधि बताकर ले ली डिटेल, ठगे 1.68 लाख

गांव सेवली निवासी कर्मबीर के पास 11 दिसंबर को कॉल आई थी, जिसमें कॉलर ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का प्रतिनिधि बताया था। उसने नया क्रेडिट कार्ड बनवाने की बात कही। अगले दिन व्हाट्सएप पर भेजे गए एक लिंक के जरिए ठगों ने उनसे व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद 12 दिसंबर को उनके एसबीआई और इंडसइंड बैंक क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर कुल 1,68,981 रुपये निकाल लिए गए।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 4.74 लाख ठगे

सोनीपत निवासी अमर देव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनको शेयर ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर ठगी की गई है। उनसे अलग-अलग खातों में 4.74 लाख रुपये डलवा दिए गए। बाद में उन्हें ठगी का पता लगा। जिस पर साइबर थाना में शिकायत दी।

### साइबर ठगी से रहें सतर्क

किसी भी अनजान कॉल, मैसेज, टेलीग्राम चैनल या निवेश ऑफर पर भरोसा न करें। नौकरी या निवेश के नाम पर मांगे गए पैसे, फर्जी वेबसाइट और यूपीआई आईडी से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत साइबर थाना पुलिस को अवगत कराए।

**-इंस्पेक्टर बसंत,** प्रभारी साइबर थाना सोनीपत

### युवक पर सुएं से हमला करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने युवक के सिर पर सुएं से हमला करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान प्रीतमपुरा निवासी अंकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार गांव सफियाबाद निवासी धर्मेंद्र ने 22 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वह और उनका भतीजा तरुण शाम करीब आठ बजे अपने ऑफिस से पैदल घर लौट रहे थे। जब वे अपने घर की ओर मुड़ने वाले थे, तभी पीछे से आए दो युवकों ने स्कूटी उनके सामने अड़ा दी। एक युवक ने स्कूटी से उतरकर तरुण को थप्पड़ मार दिया। बीच-बचाव करने पर एक युवक ने अपने साथी से दोनों को मारने की बात कही। इसके बाद एक युवक ने जेब से सुआं निकालकर तरुण के सिर पर हमला कर दिया।



क्रिसमस का अवसर हो और रेड ड्रेस पहने, लंबी सफेद दाढ़ी वाले तुम सबके फेवरेट सांता क्लॉज का जिक्र ना आए, ऐसा कैसे हो सकता है! सांता क्लॉज, दूसरों के साथ प्यार-खुशी बांटने का संदेश देते हैं। इसके अलावा और भी बहुत-सी अच्छी बातें हैं, जो तुम अपने प्यारे सांता से सीख सकते हो, खुद भी किसी के सांता बन सकते हो।

# प्यारे सांता क्लॉज से सीखो ये अच्छी-प्यारी बातें

फेस्टिव मैसेज
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, क्रिसमस पर तुमको सबसे ज्यादा बेसब्री से इंतजार रहता है, ढेरों गिफ्ट बांटने वाले क्यूट से सांता क्लॉज का, है न! दुनिया भर के बच्चों के फेवरेट सांता, न केवल सब पर प्यार बरसाते हैं, सबकी मदद भी करते हैं। इसीलिए सबका प्यार पाते भी हैं। सबको गिफ्ट के रूप में खुशियां बांटने वाले सांता, बहुत गुणी भी हैं। उनकी कई गतिविधियां और गुण बहुत प्रेरणादायी हैं। अगर तुम ध्यान दो तो इनसे बहुत सी अच्छी-अच्छी बातें और बर्ताव सीख सकते हो। हंसी-खुशी क्रिसमस का पर्व मनाते हुए सांता क्लॉज की इन बातों के बारे में तुमको जरूर जानना चाहिए।

### सबकी मदद के लिए तत्पर

सांता का मन बहुत उदार है। वे खुले दिल से सबकी मदद करते हैं। सांता जब खुशियां बांटने निकलते हैं तो कोई ऊंच-नीच नहीं देखते। बिना किसी भेदभाव के उपहार बांटकर उनका मन आनंदित होता है। इससे पता चलता है कि सांता दयालुता और दूसरों की भलाई को बहुत अहम मानते हैं। खासकर बच्चे तो उन्हें बहुत प्रिय हैं। तभी तो क्रिसमस पर सांता हर बच्चे के लिए गिफ्ट छोड़ जाते हैं। तुम सबकी जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। उनके व्यवहार के इस सुंदर पहलू से तुम भी नेकी की राह पर चलना सीख सकते हो। अपने आस-पास के लोगों की छोटी-छोटी इच्छाओं को समझकर उनके मददगार बन सकते हो।

### कायम रखो भरोसा

सांता क्लॉज, किसी का भरोसा ना तोड़ने और उम्मीदों पर खरे उतरने की बहुत प्यारी-सी बात भी सिखाते हैं। साथ ही यह भी समझाते हैं कि हमें खुद भी हर परिस्थिति में आशावान रहना चाहिए। सांता, बच्चों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए उन तक



पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। बच्चों की चाहत वाले पत्र (विश लेटर) पढ़ते हैं। प्रार्थनाएं सुनकर उन्हें पूरा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे बदले में किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। वे किसी का भरोसा नहीं तोड़ते हैं। बच्चो, घर के बड़े हों या टीचर्स, तुम्हारे लिए उनके मन में भी बहुत भरोसा होता है। अच्छी बातें सीखने का भरोसा, गलत रास्ते पर न चलने का भरोसा। बुरी भाषा और बर्ताव से बचने का भरोसा। तुम्हें उनके विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। बड़े होने पर यही अच्छी और सच्ची बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को भी बहुत प्यारा और प्रभावी बना देंगी।



### सबके प्रति समानता का भाव

बच्चो, सहायता के भाव के साथ समानता की सोच भी जरूरी है। यह बात भी सांता से सीखी जा सकती है। सांता अपनी पोटली में हर देश, हर वर्ग के बच्चों के लिए उपहार लेकर निकलते हैं। हर कल्चर और हर बैकग्राउंड के बच्चों को त्योहार की सौगात देते हैं। असल में सबकी भलाई का भाव लिए सांता का व्यवहार हर तरह से अच्छा बनने की ही प्रेरणा देता है। इसीलिए सांता क्लॉज से दया, ईमानदारी और मानवीय भावों को समझने की प्यारी सीख जरूर लेनी चाहिए।

### अनुशासन और समर्पण

सांता क्लॉज अनुशासन की भी सीख देते हैं। साथ ही अपने काम को लेकर उनका समर्पण भी कमाल का है। दुनिया भर के बच्चों तक उपहार पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले सांता, हमें यह भी समझाते हैं कि किसी भी काम को करने का मन बना लिया जाए तो कुछ भी मुश्किल नहीं। कहा जाता है कि सांता पूरे साल बच्चों के लिए खिलौने बनाते हैं। क्रिसमस की रात उन्हें दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्यारे बच्चों तक पहुंचाते हैं। क्रिसमस पर कई देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। कहीं बर्फीले तूफान चलते हैं। बावजूद इसके सांता अपने काम को पूरा करते हैं, पूरी लगन से अपनी यह जिम्मेदारी निभाते हैं। जिस तरह से सांता अनुशासित होकर समर्पण से अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उसी तरह अच्छे से पढ़ाई करने की बात हो या अपनी पसंद के किसी खेल में माहिर होना हो। आलस्य पर जीत हासिल करना हो या अपनी हेल्थ का खयाल रखना हो। बच्चो, समर्पण और अनुशासन से सब कुछ किया जा सकता है। यह कभी न भूलो कि किसी लक्ष्य को पाने के लिए टाइम मैनेजमेंट, डिसिप्लीन और डेडिकेशन सबसे जरूरी होता है। यह खुद को ही नहीं अपने मम्मी-पापा, टीचर्स और फ्रेंड्स सभी को खुशी देने वाला गुण है।

### अपना ध्यान रखने की प्रेरणा

दूसरों को खुशियां बांटने की सीख के साथ-साथ खुद अपनी देखभाल की समझ भी प्यारे सांता हमें देते है। दुनिया भर में गिफ्ट की डिलिवरी करते सांता, व्यस्तता में भी ब्रेक लेना नहीं भूलते। क्रिसमस पर जो तुम सांता के लिए दूध का गिलास और कुकीज घर के बाहर रखते हो, उन्हें खाने-पीने



के लिए वे थोड़ा रुकते हैं, सुस्ताते हैं। यानी अपना खयाल भी रखते हैं सांता।

बच्चो, क्रिसमस पर सांता, खुशियों का संदेश बांटते हुए ही घूमते हैं। तुम उनसे हमेशा खुश रहने और खुशियां बांटने का पाठ सीख सकते हो। *

सेलिब्रेशन / पुष्पेश कुमार पुष्प

# क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक परंपराएं



इन दिनों पूरी दुनिया में क्रिसमस मनाने की तैयारी हो रही है। क्या तुमको पता है कि इस फेस्टिवल को कुछ देशों में बहुत अलग-रोचक तरीके से मनाया जाता है? इनमें से कुछ रोचक परंपराओं के बारे में तुम्हें यहां बता रहे हैं।

बच्चो, क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कई देशों में क्रिसमस के साथ रोचक परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। विभिन्न देशों में क्रिसमस मनाने का अपना अलग-अलग तौर-तरीका भी है।

**सड़कों को सजाते हैं:** पश्चिमी देशों में क्रिसमस के अवसर पर चर्च और इसके आस-पास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाते हैं एवं इन द्वारों के ऊपर क्रिसमस ट्री की डालियां सजाई जाती हैं। 'मैरी क्रिसमस' लिखे बैनर और होर्डिंग्स भी इन तोरण द्वारों पर लगाए जाते हैं।

**लगाते हैं देव प्रतिमा:** इंग्लैंड में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस ट्री के पास देव प्रतिमा लगाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड के तत्कालीन राजकुमार एल्बर्ट ने की थी। क्रिसमस वृक्ष पर देव प्रतिमा लगाने की परंपरा को बाद में कई देशों ने भी अपना लिया।

**आतिशबाजी और झांकियां:** क्रिसमस पर आतिशबाजी करने की परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रांस में हुई। बाद में क्रिसमस के मौके पर आतिशबाजी करने की इस परंपरा को अधिकतर देशों ने अपना लिया। अन्य देशों की तरह फ्रांस के निवासी भी मध्यरात्रि में चर्च में प्रार्थना करते हैं और सुबह संत निकोलस की प्रतिमा की झांकी निकालते हैं।

**पुडिंग बनाते-खाते हैं:** पुराने समय में क्रिसमस के अवसर पर आलू बुखारे से व्यंजन बनाए जाते थे। बाद में इस व्यंजन के तर्ज पर ही पुडिंग बनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। अब लगभग सभी देशों में क्रिसमस के मौके पर पुडिंग बनाए जाते हैं।

### लगाते हैं क्रिसमस ट्री

**नीदरलैंड** में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा है। साथ ही यहां के छोटे-छोटे बच्चे अपने



हाथों में रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता और स्मॉल क्रिसमस ट्री लेकर चर्च जाते हैं। वहां ये फादर यानी चर्च के पादरी को गिफ्ट करते हैं और क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हैं।

**बच्चे-बड़े करते हैं एंज्वॉय:** ऑस्ट्रेलिया के लोग क्रिसमस के मौके पर समुद्र के किनारे जाते हैं और वहां बालू से खेलते हैं, एंज्वॉय करते हैं। मैक्सिको में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की आंखों पर पट्टियां बांध दी जाती हैं और फिर उन्हें मिट्टी के बर्तन तोड़ने के लिए कहा जाता है, जो उनसे कुछ दूर रखे होते हैं। इन बर्तनों में मिठाइयां या कुकीज भरी होती हैं। बर्तन टूटने के बाद ये मिठाइयां बच्चों में बांट दी जाती हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# हिंदी में पढ़ो जापानी कहानियां



प्यारे बच्चो, इस बार हम तुम्हें जापानी भाषा में लिखी गई पांच कहानियों की एक किताब के बारे में बता रहे हैं, जिसका हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। इस किताब का शीर्षक 'अचरज ग्रह की दंतकथा' है। इसके लेखक हैं ताजिमा शिंजी। बच्चो, जब हम दूसरे देशों में लिखी गई कहानियों को पढ़ते हैं तो अलग भौगोलिक तथा सामाजिक परिस्थितियों से परिचित होते हैं। हमारी कल्पना शक्ति को और विस्तार मिलता है। यहां भी बिलकुल ऐसा ही है। बड़ी निराली कहानियां हैं पांचों। पहली कहानी, एक लोमड़ी के आदमी बनकर पछताने की रोचक कहानी है। दूसरी कहानी, आकाशगंगा के एक छोटे से ग्रह के लोगों के हमारी पृथ्वी के प्रति आकर्षण और हमसे उनकी उम्मीद की कहानी है। बाकी तीन कहानियां भी तुम्हें अलग-अलग दुनिया में ले जाएंगी। ये कहानियां हम सभी से अच्छा इंसान बनने की उम्मीद करती हैं। ये सभी कहानियां तुमको जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब:** अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी कहानियां), **लेखक:** ताजिमा शिंजी, **हिंदी अनुवाद:** हरीश नारंग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें

1
आधी रात को घर में आता
उपहारों का थैला लाता
बच्चों के तकिए के नीचे
चुपके से उनको सरकाता

2
पेड़ सजाते पेस्ट्री खाते
सब मिल-जुलकर कर कैरल गाते
झूम-झूमकर नाच-नाचकर
जन्मदिवस एक खास मनाते

3
चीड़ कहो या देवदार
यह पेड़ है सदाबहार
इस पर हम उपहार सजा कर
खूब मनाते हैं त्योहार

- आशा शर्मा

उत्तर : 1.सांता क्लॉज, 2.क्रिसमस, 3.क्रिसमस ट्री

## जीके क्विज-184

1. हाल ही में किस भारतीय त्योहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है?
2. टेस्ट, ओडीआई और टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
4. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
8. वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात किस तारीख को होती है?
9. हाल ही में किस भारतीय महिला रेसलर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की है?
10. मूर्ति देवी पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-184 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-183 का उत्तर :** 1.गुजरात, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.फॉर्मिक एसिड, 4.शतरंज, 5.इंडोनेशिया, 6.पेरिस, 7.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 8.एडोल्फ हिटलर, 9.पेडोलॉजी, 10.नाइट्रोजन

**जीके क्विज-183 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-रायपुर, हर्ष-बिलासपुर, अंचित-दुर्ग, कन्हैया-महासमुंद, प्रवीण-रोहतक, हर्षिता-बलौदा बाजार, केशव-भोपाल, कनिष्क-धमतरी, प्रियांशु-हिसार, लक्ष्य-मटियारी



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए पीटर ने खूब सारी शॉपिंग की प्लानिंग की थी। लेकिन शॉपिंग के लिए जब वह अपने दोस्त माइकल और उसकी मम्मी के साथ मार्केट जा रहा था तो उसने कुछ सोचकर अपनी प्लानिंग ही बदल दी। ऐसा क्या हुआ कि पीटर की शॉपिंग प्लानिंग बदल गई।

# क्रिसमस की खुशियां



एआई इमेज

शाम को अपने दोस्तों के साथ खेलकर पीटर कुछ जल्दी घर लौट रहा था। वह बड़ा उत्साहित था क्योंकि अगले दिन क्रिसमस था। इसीलिए आज उसे अपनी मम्मी के साथ क्रिसमस की खरीदारी करने बाजार जाना था। अपने घर पहुंचकर उसने बेल बजाई, लेकिन मम्मी को दरवाजा खोलने में थोड़ी देर लग गई।

'मम्मी, क्या हुआ दरवाजा खोलने में बहुत देर कर दी आपने?' कमरे में प्रवेश करते हुए पीटर ने पूछा।

'बेटा, मुझे अचानक बहुत तेज बुखार हो गया है, इसलिए बिस्तर से उठकर दरवाजे तक आने में थोड़ी देर हो गई।' मम्मी ने जवाब दिया।

'मम्मी, अब आप जल्दी से तैयार हो जाओ। हमें मार्केट जाना है न, क्रिसमस की शॉपिंग के लिए।' पीटर अपनी ही धुन में बोला, जैसे उसने मम्मी की बात सुनी ही न हो। उसे बाजार जाने की जल्दी जो थी।

'बेटा, अभी बताया न! मेरी तबीयत खराब है। मुझसे उठा भी नहीं जा रहा। मैं तो तुम्हारे साथ मार्केट जा नहीं पाऊंगी।' मम्मी ने दरवाजा बंद कर, अंदर आते हुए कहा।

मम्मी की बात सुनकर पीटर मायूस होकर बोला, 'मम्मी, तो फिर क्रिसमस की शॉपिंग कैसे हो पाएगी? पापा भी इस बार छुट्टी लेकर घर नहीं आ पाए!'

पीटर के पापा सेना में हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग घर से बहुत दूर देश के सीमावर्ती राज्य में है। क्रिसमस के त्योहार पर उन्हें एक सप्ताह की छुट्टी लेकर घर आना था, मगर किसी इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई और वे घर नहीं आ सके थे। पीटर को उदास देखकर मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। मैंने पड़ोस में रहने वाले माइकल की मम्मी से बात कर ली है। वे माइकल को लेकर कुछ ही देर में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए मार्केट जाएंगी। मार्केट जाते हुए वे हमारे घर आ जाएंगी और तुम्हें भी अपने साथ ले जाएंगी। तुम्हें जो-जो खरीदना हो, वे खरीदवा देंगी। तुम्हारा सामान खरीदने के लिए मैं उन्हें पैसे दे दूंगी। अब तुम उनके साथ मार्केट जाने के लिए फटाफट तैयार हो जाओ। मैं दवाई खाकर थोड़ा रेस्ट करूंगी।'

पीटर बाजार जाने के लिए तैयार होने लगा। थोड़ी देर बाद माइकल और उसकी मम्मी आ गए। पीटर उनके साथ बाजार चला गया।

बाजार जाते हुए रास्ते में पीटर ने माइकल से कहा, 'मैं तो बड़ा-सा क्रिसमस ट्री लूंगा और उसको सजाने के लिए बहुत सी मोतियों की लड़ियां, रिबन, स्टार्स और मोमबत्तियां भी खरीदूंगा! बड़ा वाला केक और ढेर सारी चॉकलेट भी लूंगा!'

'ये सब चीजें तुम अपने लिए ही लोगे क्या?' पीटर की बात सुनकर माइकल ने पूछा। 'हां, अपने लिए ही तो लेना है यह सब। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए।' पीटर ने उत्साहित होकर बताया।

'वो तो ठीक है, लेकिन क्रिसमस पर दूसरों की मदद करने के लिए तुम क्या करोगे?' माइकल ने उससे सवाल किया।

'मदद.. मदद किसकी? क्रिसमस तो हमें खुद ही मनाना है न! इसमें दूसरों की मदद क्या करनी है?' पीटर ने हैरानी से पूछा।

'देखो पीटर, हम तो क्रिसमस पर अपने लिए थोड़ा कम सामान खरीदते हैं ताकि गरीब लोगों के लिए गर्म मोजे, चॉकलेट वगैरह भी खरीद सकें। क्रिसमस वाले दिन चर्च के बाहर और आस-पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों में हम वो चीजें बांट देते हैं।' माइकल ने बताया।

'हां बेटा, क्रिसमस पर गरीब लोगों को दान इसलिए दिया जाता है ताकि वे भी हंसी-खुशी यह त्योहार मना सकें।' माइकल की मम्मी ने पीटर को समझाते हुए कहा।

माइकल और उसकी मम्मी की बातें सुनकर पीटर सोच में पड़ गया। उसने तो मम्मी से जिद करके माइकल की मम्मी को ज्यादा पैसे दिलवाए थे ताकि वे उसे खूब सारी खरीदारी करवा सकें। लेकिन उसे माइकल और उसकी मम्मी की बातें सही लग रही थीं।

कुछ देर बाद वे लोग बाजार पहुंचे और उन्होंने क्रिसमस की खरीदारी शुरू की। पीटर ने बड़े के बजाय एक छोटा क्रिसमस ट्री लिया। ट्री की सजावट के लिए सामान लिया लेकिन थोड़ा कम। केक भी कुछ छोटा लिया ओर चॉकलेट भी थोड़ी कम खरीदी। इससे बचे पैसों से उसने कुछ गर्म मोजे, टॉफियां, छोटे केक और बिस्कुट के पैकेट खरीदे। ये सब खरीदते हुए वह सोच रहा था कि इन्हें वह अगले दिन गरीब बच्चों में बांट देगा। सारी खरीदारी करके पीटर जब घर पहुंचा तो वह बहुत खुश था। उसे लग रहा था कि इस बार के क्रिसमस की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## सांता क्लॉज

कलंगी वाली टोपी सिर पर,
कौन अरे, यह सांता क्लॉज!
जिंगल बेल लेकर हाथों में,
मेरे घर पर आए आज।
भरा गिफ्ट से थैला भारी,
मद्धिम-मद्धिम इनकी चाल।
चले बांटने खुशियां सबको,
वेट कराते पूरे साल।
नरम रूई-सी उजली दाढ़ी,
नाक गुलाबी, फूले गाल।
गोल-गोल आंखें सांता की
गोल नाक भी बड़ी कमाल।
सो जाते जब हम सब बच्चे,
मोजे में तोहफे दें डाल।
छू-मंतर हो जाते, कहकर,
'फिर आऊंगा अगले साल!'

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।



## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी सांता क्लॉज, पेयर यानी जोड़े में हैं। एक चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले सांता के चित्र को खोजकर उसके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्कल बनाना है।



## खबर संक्षेप

### मनरेगा बदलने के प्रस्ताव का किया विरोध

**सोनीपत।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 से बदलने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध जताया है। संगठन के जिला सचिव जयकरण और उपप्रधान ईश्वर सिंह दहिया ने कहा कि केवल नाम बदलने से ग्रामीण मजदूरों की समस्याएं हल नहीं होंगी। मनरेगा में 100 दिन काम देने की गारंटी थी, लेकिन वर्तमान में औसतन 40 से 50 दिन भी रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

### गणित प्रश्नोत्तरी में रामानुज सदन विजेता

**गोहाना।** शहर के गुढ़ा मार्ग स्थित जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डा. सचिन शर्मा ने की। विद्यालय में महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गणित सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय के प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### पर्यावरण संरक्षण मित्र सम्मान समारोह हुआ

**राई।** ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ खेवड़ा में पर्यावरण संरक्षण मित्रों के सम्मान में कार्यक्रम किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ कोमल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन व विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सीआरपीएफ. न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### पूर्व मंत्री व मेयर ने की नीतिन नबीन से मुलाकात

**सोनीपत।** नगर निगम के मेयर राजीव जैन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतिन नबीन से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन के युवा नेतृत्व में भाजपा का विजय रथ पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी विजय पताका फहराएगा।

### व्यवहार में अच्छी आदतें शामिल करें : नीरज

**गोहाना।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के नोडल अधिकारी एवं परामर्शदाता अनिल मलिक ने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यवहार में अच्छी आदतें शामिल करें तभी वे जीवन में सफल नागरिक बन पाएंगे। वे गुरुवार को जेएलएन स्कूल गोहाना में परामर्श एवं काउंसलिंग सत्रों में बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे थे। अनिल मलिक ने कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए विद्यार्थी का व्यवहार कुशल होना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी आदतों के निर्माण एवं व्यवहार प्रबंधन के विषय में प्रयोगात्मक एवं सरल दृष्टिकोण से समझाते हुए प्रेरित किया।

### नकदी-मोबाइल से भरा बैग छीनने की कोशिश

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने नकदी और मोबाइल फोन से भरा बैग छीनने की कोशिश के मामले में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सोनीपत निवासी विक्रम उर्फ भूसी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार गांव मल्हा माजरा निवासी अनिल ने 18 सितंबर को शिकायत दी थी। अनिल ने बताया कि वह मनी ट्रांसफर और मोबाइल फोन रिपेयरिंग का काम करता है।

---

### आदित्य हत्याकांड: सांदल कलां में रस्म तेहरवीं के बाद पंचायत

# पंचायत ने पुलिस को तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

**आरोपितों की भूमिका और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांव सांदल कलां में आदित्य की हत्या के बाद वीरवार को उसकी रस्म तेहरवीं हुई। इसके बाद ग्राम पंचायत निवादा की चौपाल में पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें आस पास के गांवों के सरपंच, पंचायत सदस्य और खाप प्रतिनिधि व ग्रामीण जुटे। पंचायत ने माना कि आदित्य की जिस तरह से हत्या की गई वह किसी अकेले व्यक्ति का काम नहीं है। पंचायत में आदित्य हत्याकांड की निष्पक्ष जांच, अन्य संभावित आरोपितों की भूमिका और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। लव वंशीय खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। पंचायत में हत्याकांड की निगरानी और आगे की रणनीति तय करने के लिए 16 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी पुलिस जांच पर नजर रखेगी। पंचायत ने पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम देते कहा कि इस अवधि में पूरे मामले की तस्वीर साफ की जाए और यदि अन्य लोग संलिप्त हैं तो उनकी भूमिका उजागर की जाए। संतोषजनक कार्रवाई न होने पर आगे बड़े फैसले लिए जाएंगे।


मृतक आदित्य का फाइल फोटो।


गन्नौर। मृतक आदित्य की रस्म तेहरवीं के बाद सांदल कला गांव में हुई पंचायत। फोटो : हरिभूमि

#### अपने घर में छिपा रखा था मोबाइल

आदित्य की हत्या के बाद विश्वामित्र दो दिन तक लगातार पुलिस को गुमराह करने के लिए मैसेज करता रहा। इसके बाद विश्वामित्र ने फोन को अपने ही घर में छिपा लिया था। अब पुलिस ने फोन को आरोपित के घर से बरामद कर लिया गया है, जिसे तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है।

#### रिमांड समाप्त, आज कोर्ट में होगी पेशी

आदित्य की हत्या के आरोपित विश्वामित्र का पांच दिन का रिमांड समाप्त हो गया है। पुलिस शुक्रवार को विश्वामित्र को कल अदालत में पेश करेगी। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट इंचार्ज अजय धनखड़ ने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने आरोपित से आदित्य का मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त तेजधार हथियार और रेती बरामद की है।

#### सिर और कान में चोट के निशान

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार आरोपित ने आदित्य के सिर, माथे व कान पर तेज हथियार से हमला होने के निशान मिले। वहीं आदित्य के शरीर के कई हिस्सों पर गुम चोटों के निशान भी मिले हैं। पंचायत में हत्याकांड की निगरानी और आगे की रणनीति तय करने के लिए 16 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

#### गांव के व्यक्ति ने किराये पर ली थी कार

जांच में यह भी सामने आया है कि आदित्य के शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपित ने गांव के ही एक व्यक्ति से कार चालक के बिना किराये पर ली थी। इसी कार में वह आदित्य के शव को डाल कर कार को खुद चला कर बड़वासनी नहर तक ले गया था। जहां उसके शव को उसने नहर में फेंक दिया।

#### खून के अंश मिटाने के लिए धोया था घर

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आदित्य की हत्या के बाद आरोपित विश्वामित्र ने सबूत मिटाने की पूरी कोशिश की। हत्या के तुरंत बाद उसने घर के उस कमरे को, जहां वारदात को अंजाम दिया गया था, पानी से अच्छी तरह धो दिया। फर्श, दीवारों और आसपास खून के निशानों को साफ करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस को जांच के दौरान दिवारों पर सफाई के असामान्य निशान मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वारदात के बाद जानबूझकर खून के सबूत मिटाए गए। फोरेंसिक टीम ने इस संबंध में भी साक्ष्य जुटाए। फारेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

---

## शीतकालीन सत्र में गूंजी गन्नौर की पेयजल समस्या


गन्नौर। शीतकालीन सत्र में विधायक देवेंद्र कादियान पेसजल का मुद्दा उठाते हुए।

- गन्नौर शहर व आसपास के गांवों में गिरते जलस्तर और दूषित पानी से बिगड़ रहे हालात, रैनीवेल और नहर से जलापूर्ति की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने क्षेत्र में पेयजल की किल्लत और दूषित पानी से फैल रही बीमारियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। कादियान ने सदन को अवगत कराया कि गन्नौर शहर के बड़े हिस्से सहित बड़ी, सनपेड़ा, पीपली खेड़ा, रामनगर, लल्हेड़ी, धतूरी समेत कई गांवों में हालात बेहद खराब है। क्षेत्र में इंडस्ट्री बढने से जलस्तर तेजी से गिरा है, जिसके कारण पानी दूषित हो रहा है और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि सोनीपत की एसएमडीए बैठक में पेयजल की समस्या के समाधान को मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन चार माह बीतने के बावजूद धरातल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने मांग की कि यमुना के पास रैनीवेल बनाकर गांवों तक शुद्ध पानी पहुंचाया जाए।

#### टीडीएस बना परेशानी

विधायक के सवालों का जवाब देते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि गांवों में ट्यूबवेल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन घटते जलस्तर के कारण कई ट्यूबवेलों में टीडीएस बढ़ने से परेशानी आ रही है। इसके समाधान के लिए दो मुख्य योजनाओं पर काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि नहर से पानी लाने के लिए सर्वे किया जा रहा है, जो अगले 3 माह में पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही यमुना नदी पर रैनीवेल बनाने की संभावना का सर्वे 6 माह के भीतर पूरा किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट आने के बाद अगले 3 वर्षों में प्रोजेक्ट का काम पूरा करने का लक्ष्य रहेगा। मंत्री के जवाब के बाद विधायक कादियान ने आभार जताते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सर्वे का काम समय सीमा के भीतर पूरा होना चाहिए, ताकि गन्नौर की जनता को जल्द से जल्द स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

---

## विधायक ने राई को सब-डिवीजन का दर्जा दिए जाने की मांग सदन में रखी

- विधानसभा में राई की आवाज बुलंद, विधायक कृष्णा गहलावत ने उठाए तीन अहम जनहित मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने क्षेत्र से जुड़े तीन प्रमुख और जनहित से संबंधित मुद्दों को मजबूती के साथ सदन में उठाया। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं और सामाजिक सम्मान से जुड़े इन विषयों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक कृष्णा गहलावत ने सबसे पहले राई को सब-डिवीजन का दर्जा दिए जाने की मांग सदन में रखी। उन्होंने कहा कि राई क्षेत्र की जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और औद्योगिक, शैक्षणिक व आवासीय गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। वर्तमान प्रशासनिक ढांचे के कारण आमजन को तहसील व अन्य कार्यालयों के कार्यों के लिए भटकना पड़ता है। यदि राई को सब-डिवीजन घोषित किया जाता है तो लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होंगी और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मांग लंबे समय से क्षेत्रवासियों की है, जिसे अब पूरा किया जाना जरूरी है।

#### जल समस्या उठाई

दूसरे मुद्दे के रूप में विधायक ने कुंडली और बहालगढ़ क्षेत्र में पीने के पानी की गंभीर समस्या को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से स्वच्छ पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है। बढ़ती आबादी और औद्योगिक विस्तार के बावजूद जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है, जिससे लोगों को निजी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जलापूर्ति योजनाओं को शीघ्र प्रभावी रूप से लागू कर क्षेत्रवासियों को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

### मूक-बधिर बच्ची को परिजनों से मिलवाया

**सोनीपत।** जिला बाल संरक्षण कार्यालय, बाल कल्याण समिति एवं क्राइम ब्रांच (मानव तस्करी निरोधक इकाई) सोनीपत के समन्वित प्रयासों से एक मूक बधिर बच्ची को सकुशल उसके परिजनों से मिलवाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितू गिल ने बताया कि बच्ची 25 मई को गुम हो गई थी, की पहचान आधार कार्ड के माध्यम से सुनिश्चित कर बाल कल्याण समिति के जरिए परिजनों के सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड में दर्ज विवरण के अनुसार बच्ची का स्थायी पता गांव शाहबाजनगर, उत्तर प्रदेश पाया गया। पते की पुष्टि होते ही एएसआई अनिल तथा क्राइम ब्रांच (मानव तस्करी निरोधक इकाई) की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परिजनों से संपर्क किया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष सुरक्षित रूप से परिजनों को सौंप दिया गया।

## गन्नौर : हरिनगर में गली निर्माण कार्य में लापरवाही, कीचड़ में की जा रही चिनाई

- नगरपालिका अधिकारियों पर लगाया अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। हरिनगर में ठेकेदार द्वारा कीचड़ में ही चलवाया जा रहा चिनाई का कार्य।

शहर के वार्ड 6 स्थित हरिनगर में नगरपालिका द्वारा नए सिरे से बनवाई जा रही गली के निर्माण कार्य में भारी लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गली निर्माण से पहले बनाई जा रही नालियों में पहले से जमा गंदगी की सफाई नहीं करवाई गई। ठेकेदार द्वारा गंदगी और कीचड़ से अटी नालियों में ही ईंटों की चिनाई करवाई जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नालियों में लंबे समय से कीचड़, कूड़ा और गंदा पानी जमा है। इसके बावजूद बिना सफाई किए ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने जब इस पर आपत्ति जताई और काम रुकवाने का प्रयास किया तो ठेकेदार के मिस्त्री काम जारी रखने पर अड़े रहे। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लापरवाही व मनमानी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। वहीं, संबंधित अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंच रहे, जिससे ठेकेदार मनमानी कर रहा है।

---

### डा. सुमिना अमेरिका में ड्रीमगर्ल मिसेज इंडिया यूएसए 2025 की फर्स्ट रनर-अप

**सोनीपत।** सोनीपत की मूल निवासी और वर्तमान में अमेरिका के ओक्लाहोमा में रह रहीं डॉ. सुमिना गोयल ने अमेरिका में आयोजित प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता ड्रीमगर्ल मिसेज इंडिया यूएसए 2025 में फर्स्ट रनर-अप का खिताब जीतकर जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन ड्रीमगर्ल मिस/मिसेज/टीन इंडिया यूएसए ब्यूटी पेजेंट की संस्थापक कमलेश बत्रा चुघ ने किया। उल्लेखनीय है कि कमलेश चुघ भी सोनीपत में जन्मी हैं और वर्तमान में अमेरिका में सफल उद्यमी होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न फैशन व ब्यूटी प्लेटफॉर्म्स से जुड़ी हुई हैं। डॉ. सुमिना गोयल ने प्रतियोगिता में आत्मविश्वास, गरिमा और प्रभावशाली व्यक्तित्व से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। यह सोनीपत के लिए खास इसलिए भी है क्योंकि इस अंतरराष्ट्रीय मंच की आयोजक और विजेता दोनों ही इसी शहर से जुड़ी हैं। डॉ. सुमिना की प्रारंभिक शिक्षा जीवीएम हाई स्कूल और हिंदू कॉलेज, सोनीपत से हुई। उन्होंने एलटीएम मेडिकल कॉलेज, मुंबई से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वे अमेरिका में एक चिकित्सक के रूप में सेवाएं दे रही हैं।



## लायन क्लब-पुलिस प्रशासन ने मानसिक रूप से पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

- मानसिक रूप से पीड़ित और बेसहारा लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : एसीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

लायन्स क्लब गन्नौर एवं पुलिस प्रशासन गन्नौर द्वारा संयुक्त रूप से गांव दतौली स्थित देवो आश्रम में मानसिक रूप से पीड़ित 115 लोगों के लिए जूते, जुराब और भोजन वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी ऋषिकांत आरसी, लायन क्लब गन्नौर के पूर्व प्रधान लायन प्रवीण रेलन तथा नगरपालिका चेयरमैन लायन अरुण त्यागी मौजूद एसीपी ऋषिकांत ने क्लब व पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि क्लब गन्नौर हमेशा समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है। मानसिक रूप से पीड़ित और बेसहारा लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि सर्दी बढ़ रही है, ऐसे में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर वस्त्र, भोजन, आवश्यक सामग्री से जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। नगर पालिका चेयरमैन लायन अरुण त्यागी, क्लब के प्रधान लायन गौरव त्यागी ने बताया कि क्लब भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा।


गन्नौर। एसीपी ऋषिकांत के साथ क्लब के पदाधिकारी जरूरतमंदों को समान वितरित करते हुए।

## नशे की लत जीवन के लिए बहुत ही घातक : जगदीश

- अगर युवाओं को शौक पालना है तो पढ़ाई और खेलों का पालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शारीरिक शिक्षक संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कहा कि अगर युवाओं को शौक पालना है तो पढ़ाई और खेलों का पालें। नशे का कोई शौक नहीं होता है अपितु इससे पूरा जीवन तबाह हो जाता है। नशा जीवन के लिए बहुत ही घातक है। नशा करने वाले व्यक्ति को न तो घर में सम्मान मिलता है और न ही बाहर समाज में।

प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत एक गहन चिंता का विषय है। युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए आज न केवल माता-पिता अपितु सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशा जीवन व समाज के लिए किसी नासूर से कम नहीं है। शुरू में कोई भी युवक शौक में नशे का सेवन करता है लेकिन बाद में उसे इसकी आदत लग जाती है। युवक धीरे-धीरे नशे के मकडज़ाल में कदर फंस जाता है कि वह चाह कर भी इस लत को छोड़ नहीं पाता है।


जगदीश भावड़।

---

### दुकानदार बोले, सड़क पर पूरा दिन धूल के गुब्बार से सांस लेना हुआ मुश्किल

# ग्रैप-4 लागू होने से सड़क निर्माण कार्य बंद, बढ़ी परेशानी

**गुस्साए दुकानदारों का प्रदर्शन और सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

ग्रैप-4 के चलते गोहाना-महम मार्ग का निर्माण कार्य बंद हो गया है। सड़क पर वाहनों के आने-आने से पूरा दिन धूल के गुब्बार से दुकानदार परेशान हैं। गुरुवार को दुकानदारों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की। दुकानदार बोले कि सड़क पर धूल उड़ती रहने से सांस लेना मुश्किल हो गया है। गोहाना-महम मार्ग का जिला सोनीपत की सीमा में सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाना है। इसके लिए मशीनों से सड़क की उपरी परत को हटाया गया है। 12 दिसंबर को कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने विश्वकर्मा चौक से इस कार्य का शुभारंभ किया था। प्रदूषण नियंत्रण इस समय ग्रैप-4 लगा हुआ है। ऐसे में फिलहाल सड़क निर्माण कार्य बंद है। महम मार्ग के दुकानदार संजय, एडवोकेट पंकज मित्तल और राजीव ने कहा कि सडक़ पर वाहनों के आने-जाने से पूरा दिन धूल का गुब्बार रहता है। धूल के चलते दुकानदारों को अपनी दुकानों के शटर नीचे करके अंदर बैठना पड़ रहा है। दुकानों पर ग्राहक ही नहीं आ रहे हैं। जब शटर बंद करने की बैठना है तो फिर दुकानें के खोलने का भला क्या फायदा है। दुकानदारों ने कहा कि यह सडक़ सेक्टर-7 मोड तक बिल्कुल साफ-सुथरी और मजबूत हालत में थी।


गोहाना। सडक़ निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए प्रदर्शन करते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

#### बनाना नहीं था तो उखाड़ा क्यों

दुकानदारों ने प्रशासन से सवाल किया कि जब सडक़ को बनाना ही नहीं था तो इसे इतना जल्दी उखाड़ा ही क्यों। अब सडक़ को उखाड़ ही दिया है तो फिर निर्माण कार्य बंद किसलिए किया।

#### पानी छिड़काव से होगा कीचड़

दुकानदार बोले कि धूल को दबाने के लिए अगर सड़क पर पानी का छिड़काव किया गया तो कीचड़ से परेशानी होगी। सड़क की उपरी परत हटाने के बाद भी तारकोल की परत बनी हुई है। तारकोल पानी को सोखता नहीं है। ऐसे में पानी का छिड़काव करने का भी कोई फायदा नहीं है।

### गन्नौर में 21 को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

**गन्नौर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी 21 दिसंबर को गन्नौर के अमन गार्डन, रेलवे रोड पर राज्य स्तरीय शताब्दी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सीपीआई हरियाणा के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप और राज्य सह सचिव कामरेड सत्येन्द्र गिरी एडवोकेट ने दी। कामरेड सत्येन्द्र गिरी एडवोकेट ने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी। पार्टी ने अपने गठन के समय से ही देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई और स्वतंत्रता के बाद भी देश के लोकतांत्रिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सीपीआई ने सदैव मजदूरों, किसानों और मेहनतकश जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

### जिले में बढ़ते प्रदूषण के बीच ग्रैप 4 की पाबंदियों को लेकर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

# प्रशासन की 19 टीमें, 500 से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठान जांचे


सोनीपत। कार्रवाई के लिए तैयारी करते अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। डीजी सेट व अन्य उपकरण जो चलते पाए गए। फोटो : हरिभूमि




सोनीपत। निर्माणधीन फैक्टरी। फोटो : हरिभूमि

## 70 से अधिक अधिकारियों ने 20 पिट फर्नेस बंद करवाए, डीजी सेट व कोयला जलाने पर कार्रवाई की संस्तुति

■ खरखौदा में बिना टमाटर के बना रहे थे चटनी, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिले में प्रदूषण के गहराते संकट और ग्रेप-4 के प्रतिबंधों के बीच जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुरुवार को प्रदूषण फैलाने वाले औद्योगिक केंद्रों पर एक साथ की गई इस छापेमारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में हड़कंप मचा दिया। एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद उपायुक्त सुशील सारवान के सीधे निर्देशन में यह सघन जांच अभियान चलाया गया। पूरे जिले को अलग-अलग जोन में बांटकर 19 विशेष संयुक्त टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विशेषज्ञों के साथ-साथ पुलिस और राजस्व विभाग के 70 से अधिक अधिकारियों को शामिल किया गया। इस दौरान 500 से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिसमें से 20 पिट फर्नेस बंद कराए तो डीजल डीजी सेट व कोयला जलाने पर कार्रवाई की संस्तुति की गई। अभियान की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए राई विश्राम गृह में अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया, जहां से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी गई। अभियान उपायुक्त सुशील सारवान के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गोहाना अंजलि क्षोत्रिया, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, एमडी शुगर मिल संजय कुमार सहित 70 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी और भारी पुलिस बल तैनात रहा। मानकों की अनदेखी पर त्वरित कार्रवाई की सिफारिश की गई।

इससे पहले 21 नवंबर को भी इसी तरह का अभियान चलाया गया था, इस दौरान गठित की गई 20 टीमों ने 104 औद्योगिक इकाइयों की जांच की थी।

### अकेले फिरोजपुर बांगर में 11 टीमें

अभियान के दौरान सबसे अधिक ध्यान उन क्षेत्रों पर रहा जहां अवैध औद्योगिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। फिरोजपुर बांगर में सबसे अधिक 11 टीमें लगाई गई, क्योंकि यहां सबसे अधिक उद्योग ऐसे हैं, जो अवैध तरीके से चलाए जा रहे हैं। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि कई औद्योगिक इकाइयों में अब भी कोयले जैसे प्रतिबंधित ईंधन का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा था। कई जगहों पर पिट फर्नेस धधकती मिलीं, जो वातावरण में भारी मात्रा में जहरीला धुआं छोड़ रही थीं।

### सीलिंग व बिजली कटौती को लिखा

निरीक्षण के दौरान औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की कार्यप्रणाली, प्रयुक्त ईंधन का प्रकार, उत्सर्जन मानक, डीजल जनरेटर सेट, धूल नियंत्रण उपाय और निर्माण गतिविधियों की सघन जांच की गई। जहां भी ग्रैप-4 के उल्लंघन पाए गए, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सीएक्यूएम को भेजी गई। कई मामलों में उद्योगों को मौके पर ही बंद कराया गया, जबकि सीलिंग, बिजली कनेक्शन कटौती और आर्थिक जुर्माने की सिफारिश की गई।

### छतों पर मिली भारी डस्ट जनरेटर सेट भी मिले

*गोहाना उपमंडल में एसडीएम अंजलि क्षोत्रिय के नेतृत्व में कुंडली और प्याऊ मनियारी क्षेत्रों में चेकिंग की गई। यहां कई फैक्ट्रियों की छतों पर भारी मात्रा में डस्ट जमा पाई गई, जो प्रदूषण का बड़ा कारण है। इसके साथ ही कई उद्योगों में डीजल जनरेटर सेट पाए गए, जबकि एनसीआर क्षेत्र में इन पर पूर्ण प्रतिबंध है। कई कंपनियों में एयर क्वालिटी मानिटरिंग के आवश्यक उपकरण भी नहीं मिले। इन सभी मामलों में संबंधित इकाइयों पर कार्रवाई की गई।*

### बिना टमाटर के बना रहे थे चटनी

एसडीएम डॉ. निर्मल नागर के नेतृत्व में क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। कई इकाइयां बिना वैध अनुमति संचालित पाई गईं, जबकि अनेक स्थानों पर प्रदूषण नियंत्रण नियमों की खुली अनदेखी सामने आई। इकाइयों से निकलने वाले धुएं, धूल और अपशिष्ट से आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बढ़ते प्रदूषण से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जांच के दौरान एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई भी प्रशासन की नजर में आई जहां बिना टमाटर के चटनी तैयार की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने फूड सेफ्टी विभाग को संबंधित यूनिट के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ इकाइयों में एल्युमिनियम पिघलाकर स्लैब निर्माण, लोहे से जंग हटाने की प्रक्रिया तथा एक स्थान पर बैटरी सेल पिघलाने का कार्य पाया गया। जिसे पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक बताया गया। निरीक्षण के समय कई इकाइयां बंद भी मिलीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जांच से बचने के लिए बंद पाई गई इकाइयों को भी क्लोजर नोटिस जारी किया जाएगा।

### कहां पर क्या कार्रवाई की गई

- फिरोजपुर बांगर क्षेत्र में करीब 20 फैक्ट्रियों में पिट फर्नेस जलती पाई गईं, जिन्हें तुरंत बंद करा दिया गया।
- कुंडली और प्याऊ मनियारी में कई फैक्ट्रियों की छतों पर भारी मात्रा में डस्ट जमा मिली। यहां प्रतिबंधित डीजल डीजी सेट और एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग उपकरणों की कमी भी सामने आई।
- गन्नौर क्षेत्र के सनपेड़ा, रामनगर, धतूरी और कामी रोड सहित कई इलाकों में ग्रैप-4 के दौरान प्रतिबंधित निर्माण कार्य जारी पाए गए। वहीं कुछ चावल मिलों में कोयला जलाने के मामले भी उजागर हुए।
- सोनीपत क्षेत्र में आयुर्वेदिक दवा कंपनियों सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों की खुली अनदेखी सामने आई।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट, सीपीसीबी, सीएक्यूएम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्रेप-4 के प्रावधानों का पालन कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक इकाइयों पर सीलिंग, बिजली कनेक्शन काटने, जुर्माना लगाने सहित सख्त कार्रवाई की सिफारिश की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-सुशील सारवान, उपायुक्त, सोनीपत

### प्रतिबंधित निर्माण गतिविधियां चलती मिली

गन्नौर क्षेत्र में एसडीएम प्रवेश कादियान के नेतृत्व में सनपेड़ा, रामनगर, धतूरी, कामी रोड समेत कई इलाकों में छापेमारी की गई। यहां ग्रेप-4 के दौरान प्रतिबंधित निर्माण गतिविधियां चलते हुए पाई गईं। इसके अलावा कई चावल मिलों में कोयला जलता हुआ मिला, जो साफ ईंधन नीति का उल्लंघन है। इन सभी पर तत्काल रोक लगाते हुए रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई। वहीं, एसडीएम सुभाष चंद्र के नेतृत्व में विभिन्न आयुर्वेदिक दवा कंपनियों की जांच की गई, जहां भी कई अनियमितताएं सामने आईं।


सोनीपत। ईंधन के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा कोयला। फोटो : हरिभूमि

### एनसीआर में गंभीर प्रदूषण

*प्रशासन के अनुसार एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से ऊपर पहुंचकर गंभीर श्रेणी में पहुंच चुका है, जिसके चलते ग्रैप-4 के सबसे कड़े प्रतिबंध लागू किए गए हैं। इसके तहत निर्माण व तोडफ़ोड़ कार्यों पर पूर्ण रोक, गैर-स्वच्छ ईंधन आधारित उद्योगों का संचालन बंद, डीजल जनरेटरों पर प्रतिबंध, कोयला जैसे प्रदूषणकारी ईंधनों के उपयोग पर रोक तथा सडक़ों पर यांत्रिक झाड़ू और जल छिडक़ाव जैसे सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने बताया कि सोनीपत में एक्यूआई फिलहाल 300 से नीचे बना हुआ है। वीरवार को यह 290 दर्ज किया गया। उसके बाद भी किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

